

# कृषि उपज मंडी में हो रहा फर्श का घटिया निर्माण

## 74 लाख की लागत से बन रही सीसी फर्श, ठेकेदार पर मनमानी का आरोप



**बेगमगंज, 21 अगस्त. कृषि उपज मंडी परिसर में लगभग 74 लाख रुपये की लागत से हो रहे सीसी फर्श निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं. निर्माण कार्य रविवार की छुट्टी के दिन और बिना इंजीनियर की मौजूदगी में जारी रहा. आरोप है कि ठेकेदार मानकों को दरकिनार कर मनमानी कर रहा है.**

जानकारी के अनुसार, एस्टीमेट में निर्धारित 6 इंच जीएसबी (गिट्टा) की जगह मात्र 2 से 3 इंच, और 4 इंच डीएलसी की जगह 1 से 1.5 इंच ही डाली जा रही है. वहीं डब्ल्यूएमएम की भी परत निर्धारित मानकों से कम बताई जा रही है. करीब 32 प्रतिशत कम दर पर शशि कंस्ट्रक्शन, मुरैना को यह ठेका मिला था. अब ठेकेदार लागत घटाने के लिए नियमों को ताक पर रखकर घटिया निर्माण करा रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में भी मंडी में सीसी फर्श की गुणवत्ता पर सवाल उठे थे, जिसके चलते वाहनों का दबाव झेलने से फर्श जल्द ही दरक गया था और जगह-जगह गिट्टी निकल आई थी.

पार्षद गुलाब रजक ने आरोप लगाया कि डीएलसी 4 इंच और जीएसबी 6 इंच होना चाहिए, लेकिन वर्तमान कार्य में मात्र 1-1.5 इंच डीएलसी और 2-3 इंच जीएसबी ही डाला जा रहा है. वहीं, पूर्व हिंदू समिति अध्यक्ष संतोष राय का कहना है कि यह जनता के टैक्स का पैसा है, लेकिन ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण कराया जा रहा है. गहरी खुदाई न होने से फर्श चटकने की पूरी संभावना है.

> इसी बीच, कृषि उपज मंडी के इंजीनियर संत कुमार का कहना है कि मेरी अभी जॉइनिंग हुई है. मैं अभी नया हूं कार्य नियमानुसार कराया जाएगा. स्थानीय व्यापारी और किसानों तथा स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि संबंधित विभाग तत्काल मौके पर निरीक्षण कर ठेकेदार की मनमानी पर रोक लगाए, अन्यथा करोड़ों की जनता की पूंजी व्यर्थ चली जाएगी.




# नगर परिषद ने किया 80 पौधों का रोपण

## सिलवानी में चलाया अमृत हरित अभियान

**सिलवानी, 21 अगस्त. नगर परिषद सिलवानी द्वारा अमृत हरित अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए नगर में 80 पौधों का रोपण किया गया.**

यह पौधारोपण भोपाल मेन रोड डिवाइडर एवं जनपद कार्यालय परिसर के पास किया गया, जिसका उद्देश्य नगर की हरियाली बढ़ाना एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है.

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक, भाजपा नेता विभोर नायक, पार्षद लखन मेहरा, प्रदीप कुशवाहा, बाबूलाल ठाकुर, गुड्डू भाई, रघुवीर साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. सभी ने मिलकर पौधारोपण कर इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की. इस दौरान निखलेश राय, देवेन्द्र रघुवंशी, चंद्रभान कलोसिया, धर्मेन्द्र गुप्ता, सीताराम साहू, चंदू भाई, आरिफ खा, रविकांत, राहुल, सुरेन्द्र, संजू कलोसिया, ब्रजेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे.



# जिला साहू समाज की शेष कार्यकारिणी जल्द होगी घोषित

**बेगमगंज, 21 अगस्त. पलकमती स्थित कर्मा देवी पलकमती उत्थान समिति के कार्यालय में बुधवार को तैलिक साहू राठौर महासभा एवं नगर साहू समाज की आवश्यक बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में आगामी 24 अगस्त को इंदौर में होने वाले अखिल भारतीय परिचय सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई. साथ ही तैलिक साहू राठौर महासभा जिला रायसेन के तहसील अध्यक्ष एवं शेष जिला कार्यकारिणी के गठन पर भी विचार-विमर्श हुआ. प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट भावना साहू के निर्देशानुसार 24 अगस्त को इंदौर में होने वाले सम्मेलन के पश्चात शीघ्र ही समाज की शेष कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा. बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी भोलेनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष रामगोपाल साहू, जिला अध्यक्ष हरि साहू, जिला उपाध्यक्ष अरविंद साहू, तहसील अध्यक्ष भगवान दास साहू सहित वरिष्ठ समाजसेवी संजय साहू, उधम साहू, दुर्गेश नगरिया, राधे साहू, राजकुमार साहू आदि उपस्थित रहे.

# बीईओ, सीईओ ने किया बालिका छात्रावासों का निरीक्षण

**सिलवानी, 21 अगस्त.** गुरुवार को नगर में स्थित बालिका छात्रावासों में शैक्षिक वातावरण, रहन-सहन की व्यवस्था और सुरक्षा सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के लिए बीईओ रानी अहिरवार और जनपद पंचायत सीईओ नीलम रायकवार ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और दैनिक दिनचर्या की जानकारी ली. उन्होंने भोजन, पेयजल, स्वच्छता, अध्ययन सामग्री तथा स्टाफ की उपस्थिति जैसी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की. बीईओ ने कहा कि छात्रावासों में शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए. वहीं सीईओ ने निर्देश दिए कि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन और साफ-सुथरा वातावरण उपलब्ध कराया जाए.



# कांग्रेसियों ने राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**बेगमगंज, 21 अगस्त. पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती विधायक देवेंद्र पटेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने बुधवार की शाम को सद्भावना दिवस के रूप में मनाई.**

इस अवसर पर सभी समुदाय के लोग एकत्रित हुए और उन्होंने देश एवं समाज में सभी वर्गों को साथ लेकर चलने एवं सद्भावना कायम करने की शपथ के साथ स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की. नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक देवेंद्र पटेल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. राजीव गांधी देश में सूचना क्रांति के जनक थे. उन्होंने देश को आधुनिक संचार क्रांति के साथ तकनीकी विकास में अग्रणी करके विश्व में देश को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है. आज हम जिस कंप्यूटर और सूचना तकनीक को हर क्षेत्र में उपयोग कर रहे हैं, यह उन्हीं की देन है. इसके अतिरिक्त वह पंचायती राज व्यवस्था के जनक रहे हैं. देश की एकता, अखंडता सद्भावना के लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी. उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी कार्यकर्ता संकल्प लें कि देश से घृणा की राजनीति को खत्म करके शांति एवं सद्भाव के लिए फिर से राजीव जी के सपनों का भारत निर्माण करने में अपना योगदान देंगे. अंत में सभी कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एकता एवं सद्भावना की शपथ ली.

# ट्रैक्टर ट्राली चोरी होने के 8 घंटे में बरामद, आरोपी गिरफ्तार

- सीसीटीवी फुटेज में ट्रैक्टर मालिक ने आरोपी को पहचान लिया

**सिलवानी, 21 अगस्त. नगर के सियरमऊ रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने अनवार खान का ट्रैक्टर ट्राली दोपहर में खड़ा किया था. जो शाम को गायब हो गया. आसपास ढूंढने पर भी नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस ने तत्परता से उक्त ट्रैक्टर ट्राली को जमुनिया घाट पर आरोपी सहित पकड़ने में सफलता प्राप्त की.**


फरियादी अनवार पिता मीर गुलाम खां उम्र 40 निवासी डुंगरिया ने बताया कि मैं ठेकेदारी का काम करता हूँ. मैंने बुधवार 20 अगस्त को शाम 4 बजे मेरा महिन्द्रा ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 38 एसी 5926 लाल रंग का जिसमें पुरानी ट्राली लगी हुयी है को काम खत्म होने के बाद सियरमऊ रोड पर एचपी पेट्रोल पंप के सामने खड़ा कर दिया था. फिर रात करीबन 8 बजे मैं मेरे ट्रैक्टर-ट्राली को देखने वहां गया तो मैनें देखा मैंने जिस जगह पर ट्रैक्टर ट्राली खड़े किए थे, वह वहां नहीं थे. तो फिर मैंने आस-पास ट्रैक्टर-ट्राली की तलाश की जो नहीं मिले, कोई व्यक्ति मेरा ट्रैक्टर-ट्राली एचपी पेट्रोल पंप के सामने से चोरी कर ले गया है. फिर मैंने एच.पी. पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे चैक कराये तो उसमें जो व्यक्ति मेरा ट्रैक्टर ट्राली चुराकर ले जा रहा है वह व्यक्ति हुलिए से ग्राम गगनवाड़ा का छोटू आदिवासी की तरह दिख रहा है. ट्रैक्टर ट्राली की कीमत करीबन 10 लाख रूपये है.

फरियादी द्वारा आसपास खोज करने के बाद पुलिस थाना पहुंच कर रिपोर्ट की, पुलिस ने तत्परता से चारों मार्गों पर नाकाबंदी कर खुफिया तंत्र को अलर्ट किया.

# 100 स्थानों पर 27 से विराजेंगे बप्पा

**बेगमगंज, 21 अगस्त. नगर में गणेशोत्सव की रौनक दिखने लगी है. इस बार 27 अगस्त से शुरू होने वाले पर्व के लिए तैयारियां जोरों पर हैं. शहरभर में 100 से अधिक स्थानों पर पंडाल सजाए जा रहे हैं, जहां भक्तजन हर्षोल्लास के साथ भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं की स्थापना करेंगे. बड़ी और छोटी मूर्तियों को अंतिम रूप देने का काम तेजी से चल रहा है.**

मूर्तिकार जनक प्रजापति ने बताया कि प्रतिमा बनाने की तैयारी दो महीने पहले से शुरू हो जाती है. पांच से छह फीट की मूर्ति बनाने में 15 से 20 दिन लगते हैं, वहीं तीन-चार फीट की मूर्तियां अपेक्षाकृत जल्दी तैयार हो जाती हैं. उन्होंने बताया कि प्रतिमाओं को बनाने में स्थानीय मिट्टी, घास-फूस और बांस की लकड़ियों का उपयोग किया जाता है. इसके अलावा आकर्षक सजावट के लिए बाहर से मोती, रंगीन स्टोन, चमकदार पाउडर और सजावटी सामग्री मंगाई जाती है.



> खासतौर पर बनारस और सूरत से आए सामान प्रतिमाओं की सुंदरता बढ़ाते हैं. मूर्तिकारों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के बावजूद कोशिश यही रहती है कि प्रतिमाएं भक्तों को सुलभ दामों में उपलब्ध हों. इस बार नगर के विभिन्न मोहल्लों, मंदिरों और पंडालों में करीब 100 गणेश प्रतिमाओं की स्थापना होगी. गणेशोत्सव के दौरान भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक आयोजन और धार्मिक कार्यक्रमों से पूरा नगर भक्तिमय हो जाएगा.



# आशी सोनी वर्ल्ड स्कूल वालीबॉल चैंपियनशिप का ट्रायल देंगी

**सिलवानी, 21 अगस्त.** चाइना में आयोजित होने वाली 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की वर्ल्ड स्कूल वालीबॉल चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश शालेय दल की चयन प्रक्रिया का आयोजन 12 एवं 13 को नर्मदापुरम में किया गया था. इसमें आशी सोनी सहित मध्य प्रदेश के 8 खिलाड़ियों का चयन किया गया है. ये खिलाड़ी पुणे में 28 एवं 29 अगस्त को, चीन में आयोजित होने वाली अंडर 15 वॉलीबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप में जाने वाली भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे.



# साहू समाज के तहसील अध्यक्ष बने बब्लू साहू

**बेगमगंज, 21 अगस्त. तैलिक साहू राठौर महासभा की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट भावना साहू की अनुशंसा पर बाबूलाल (बब्लू) साहू को सुल्तानगंज तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. उनकी नियुक्ति प्रदेश उपाध्यक्ष रामगोपाल साहू एवं जिला अध्यक्ष हरि साहू की आपसी सहमति से की गई.**

इस अवसर पर महासभा का प्रतिनिधिमंडल ग्राम जसर्थी पहुँचा, जहाँ समाजजनों से चर्चा के बाद बब्लू साहू की औपचारिक घोषणा की गई. नियुक्ति के उपरांत उपस्थित लोगों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया और बधाई दी.

प्रदेश उपाध्यक्ष रामगोपाल साहू ने समाज की एकता, विस्तार एवं कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया. वहीं नव नियुक्त तहसील अध्यक्ष बबलू साहू ने विश्वास दिलाया कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएँगे और सदैव समाज हित में कार्य करेंगे. इस दौरान मोतीलाल साहू, रामचरण साहू, परमानंद साहू, शिवचरण साहू, गोकल प्रसाद साहू, हल्के साहू, छक्कूलाल साहू, सौरभ साहू, सीताराम साहू (घाना कला), कैलाश साहू (वीलखेड़ा), लक्ष्मी प्रसाद साहू (सुल्तानगंज), घनश्याम साहू (उल्का), झब्बूलाल साहू (घोगरी) सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे.

# सेवा सदन के नए भवन का शुभारंभ 21 सितंबर को

**भोपाल, 21 अगस्त.** संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) में संत हिरदाराम साहिब द्वारा वर्ष 1987 में शुरू कराया गया सेवा सदन अस्पताल का नया भवन राजधानी भोपाल के एयरपोर्ट रोड गांधीनगर के पास बनकर तैयार हो गया है. अब यह भोपाल और मध्यभारत अंचल का बड़ा नेत्र चिकित्सालय होगा. इस नए भवन का शुभारंभ 21 सितंबर को होगा. लगभग 6 एकड़ भूखंड पर 1.30 लाख वर्गफुट क्षेत्रफल में बने तीन मंजिला भवन में आंखों से जुड़ी सभी गंभीर बीमारियों का इलाज मिल सकेगा.

सेवा सदन अस्पताल में नेत्र रोगियों को विश्वस्तरीय नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी. इसके साथ ही यहां विभिन्न नेत्र संबंधी बीमारियों पर रिसर्च भी होगी. यह एनएबीएच से एक्रिडिटेड नेत्र अस्पताल है. जीव सेवा संस्थान के सहयोग से देश-विदेश के दानदाताओं के सहयोग से इस अस्पताल भवन का निर्माण करवाया गया है.

**शिकायत** ▶ ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत पर पौधारोपण में घोटाला करने का लगाया आरोप

# पड़रिया खुर्द पंचायत में कागजों में रोप दिए पौधे

**सिलवानी, 21 अगस्त. सिलवानी जनपद की पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार का एक और बड़ा मामला उजागर हुआ है. जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पड़रिया खुर्द और इसके ग्रामों में पौधारोपण के नाम पर लाखों रुपए की राशि का गबन किया गया. पंचायत के रिकॉर्ड में सैकड़ों पौधों का रोपण दर्शाया गया है, लेकिन हकीकत यह है कि जिन स्थानों को पौधारोपण स्थल बताया गया है वहां आज भैंसों के तबेले बने हुए हैं.**

ग्रामीण बोले- पौधारोपण हुआ ही नहीं



ग्रामीण बबलू पटेल, मातेंद्र पटेल, राजेंद्र पटेल सहित कई लोगों ने खुलासा किया कि पंचायत के तत्कालीन वित्तीय प्रभारी एवं रोजगार सहायक गुलाब कुशवाहा और तत्कालीन उपयंत्री कमलेंद्र धाकड़ ने मिलीभगत कर कागजों में ही पौधारोपण दिखाकर राशि आहरित कर ली. इतना ही नहीं उन्हीं अधिकारियों ने स्वयं कार्यों का मूल्यांकन कर फर्जीवाड़े को और मजबूत बना दिया. ग्रामीणों ने साफ कहा पौधारोपण कभी हुआ ही नहीं सिर्फ कागजों में आंकड़े दिखाकर लाखों रुपए हड़प लिए गए.

> **लाखों रुपए का पौधारोपण घोटाला**
> ग्राम बरेली ग्राम पंचायत पड़रिया खुर्द बबलू पटेल का कहना है कि पंचायत पड़रिया खुर्द में बड़े पैमाने पर लाखों रुपए का वृक्षारोपण के नाम पर घोटाला हुआ है. हमारे ग्राम बरेली में कागजों में ही पौधारोपण कर लाखों रुपये की शासकीय राशि निकालकर बंदर बांट किया गया है. इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए.

**इनका कहना है**

उपयंत्री हड़ताल पर जाने के कारण जांच में विलंब हुआ है. दूसरी जांच टीम गठित कर एक हफ्ते में पंचायत की जांच हो जायेगी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही नियम अनुसार कार्रवाई की जायेगी.

**- नीलम रैकवार,** सीईओ जनपद पंचायत सिलवानी

# खो-खो में रायसेन, भोपाल की टीम विजेता

- मंडीदीप में हुई संभाग स्तरीय शालेय प्रतियोगिता

**बाड़ी/मंडीदीप, 21 अगस्त. संभाग स्तरीय शालेय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को मंडीदीप खेल मैदान पर किया गया, जिसमें बालक वर्ग में रायसेन की टीम विजेता ,उप विजेता राजगढ़ की टीम रही. बालिका वर्ग में भोपाल विजेता और सीहोर उप विजेता रही. कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा राजेंद्र अग्रवाल ने किया.**

पार्षद वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद प्रार्थना चौहान, वार्ड नंबर 4 के पार्षद शुभम राजपूत, वार्ड नंबर 07 के पार्षद नंबर के पार्षद दौलत उईके, पार्षद प्रतिनिधि अभिषेक मारण, जिला क्रीड़ा अधिकारी रायसेन राजेश यादव जी के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता संपन्न हुई. यह जानकारी वीजे स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष रिज़वान अली ने दी.



> पुरस्कार वितरण के दौरान समाज सेवी कैलाश गुप्ता, वरिष्ठ व्यावसायी रमेश शिवानी, पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र चौहान, कपिल चौहान, निशार उल्ला, दिनेश दांगी, कपिल पाठक, निर्मल यादव, कराते कोच विनोद चौधरी एवं खेल प्रशिक्षक विराट मिश्रा उपस्थित रहे.